[redacted]

सामान्य निर्देश :

**खण्ड – अ** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।)

**खण्ड – ब** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है।)

**खण्ड – स** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।)

## खण्ड – अ

दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. "चौगान प्लेयर्स" नामक पेंटिंग में कितनी महिलाओं को पोलो खेलते हुए दिखाया गया है ? **1**

   (A) दो

   (B) तीन

   (C) छह

   (D) पाँच

2. **अभिकथन (A) :** प्रसिद्ध चित्र "कबीर और रैदास" परस्पर सम्मान प्रदर्शित करता है। **1**

   **कारण (R) :** इस चित्र में मुग़ल सम्राट दारा शिकोह का सभी धर्मों के प्रति सम्मान दर्शाया गया है।

   (A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

   (B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

   (C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

   (D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।

**General Instructions :**

**Section – A** Attempt **all** questions (Each Question carries **1** mark)

**Section – B** Attempt **all** questions (Each Question carries **2** marks)

**Section – C** Attempt any **two** questions (Each Question carries **6** marks)

## SECTION – A

Select the right answer from the given options :

1. In the painting "Chaugan Players", how many women are shown playing Polo ? **1**

   (A) Two

   (B) Three

   (C) Six

   (D) Five

2. **Assertion (A) :** The well-known painting "Kabir and Raidas" demonstrate mutual respect. **1**

   **Reason (R) :** This painting depicts Dara Shikoh's respect to all religions.

   (A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

   (B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

   (C) (A) is true, but (R) is false.

   (D) (A) is false, but (R) is true.

3. राधा (बनी–ठनी) चित्र में राधा हाथ में क्या पकड़े हुए हैं ? 1

(A) शंख
(B) फूल
(C) पंखा
(D) जेवर

4. नुरुद्दीन की कौन सी कलाकृति रचनात्मक रूप से दो भागों में विभाजित है ? 1

(A) झूले पर कृष्ण
(B) गोवर्धनधारी कृष्ण
(C) राधा (बनी–ठनी)
(D) चौगान के खिलाड़ी

5. **अभिकथन (A) :** शाहजहाँ के शासनकाल में, मुगल लघुचित्रों में सजावटी और सज्जा संबंधी विषयों पर जोर दिया गया । 1

**कारण (R) :** प्रारंभिक मुग़ल चित्रों में मुख्यतः शिकार, युद्ध और राजदरबार के दृश्य दर्शाये जाते थे ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

6. "हज़रत निजामुद्दीन औलिया और अमिर खुसरो" चित्र में, अमिर खुसरो को अपने हाथों में क्या पकड़े हुए दिखाया गया है ? 1

(A) एक पुस्तक
(B) पूजा की माला
(C) एक वाद्य यंत्र
(D) बुनाई का औज़ार

7. के. लक्ष्मा गौड़ द्वारा बनाए गए प्रिन्ट को पहचानिए । 1

(A) भँवर
(B) दीवारों से सरोकार
(C) देवी
(D) पुरुष, स्त्री और वृक्ष

8. वॉश तकनीक से बनी पेंटिंग "राधिका" किस आधुनिक भारतीय कलाकार द्वारा बनाई गई थी ? 1

(A) अमृता शेरगिल
(B) अबनींद्रनाथ टैगोर
(C) एम.ए.आर. चुगताई
(D) नंदलाल बोस

3. What is Radha holding in the painting Radha (Bani-Thani) ? Identify it. **1**

(A) Conch (B) Flower

(C) Fan (D) Jewellery

4. Which artwork by Nuruddin is compositionally divided into two parts ? **1**

(A) Krishna on Swing

(B) Krishna lifting mount Govardhana

(C) Radha (Bani-Thani)

(D) Chaugan Players

5. **Assertion (A) :** During Shahjahan's reign, Mughal miniature paintings emphasized ornamental and decorative themes. **1**

**Reason (R) :** Earlier Mughal paintings mainly depicted the scenes of hunting, battles and court.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

6. In the painting Hazrat Nizamuddin Auliya and Amir Khusro, what is Amir Khusro depicted holding in his hands ? **1**

(A) A book (B) Prayer beads mala

(C) A musical instrument (D) A weaving tool

7. Identify the print created by K. Laxma Goud. **1**

(A) Whirlpool (B) Walls

(C) Devi (D) Man, Woman and Tree

8. The painting "Radhika" in wash techniques was created by which Modern Indian Artist. **1**

(A) Amrita Sher-Gil (B) Abanindranath Tagore

(C) M.A.R. Chugtai (D) Nandlal Bose

### खण्ड – ब

### (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्न आपके पाठ्यक्रम से सम्बन्धित हैं।

इन प्रश्नों के उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित हैं।

9. (a) निम्नलिखित के आधार पर "राम समुद्र का मद-मर्दन करते हुए" नामक कलाकृति का मूल्यांकन कीजिए। **2**
   - कलाकार और माध्यम का नाम बताइए।
   - चित्र की संक्षेप में सराहना कीजिए।

   **अथवा**

   (b) धार्मिक विषय पर आधारित एक मूर्ति विभिन्न धातुओं को मिलाकर बनाई गई है। **2**
   - कलाकार और कलाकृति का नाम बताइए।
   - कलाकृति की संक्षेप में सराहना कीजिए।

10. (a) इस चित्र में गाँव की महिलाओं को एक साथ दैनिक कार्य करते हुए दर्शाया गया है। **2**
   - कलाकार और कलाकृति का नाम बताइए।
   - चित्र का संक्षेप में मूल्यांकन कीजिए।

   **अथवा**

   (b) अबनींद्रनाथ टैगोर द्वारा बनाई गई पेंटिंग "यात्रा का अन्त" बंगाल शैली की एक उत्कृष्ट कृति है। **2**
   - कलाकार ने रंगों और आकृति (Form) के माध्यम से भावनाओं को किस प्रकार व्यक्त किया है ?
   - यह चित्र कौन सा मानव मूल्य प्रस्तुत करता है और आप इसे अपने जीवन में कैसे अपनाएँगे ?

11. (a) चित्र में गोकुलवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए एक विशाल पर्वत के नीचे सुरक्षित दिखाया गया है। **2**
   - कलाकार और कलाकृति का नाम बताइए।
   - उपरोक्त कथन के आधार पर, चित्र को संक्षिप्त रूप से समझाइए।

   **अथवा**

   (b) आपके पाठ्यक्रम में एक पक्षी को शांत भाव से फलक पर बैठे हुए दर्शाया गया है, जिसमें यथार्थपूर्ण विवरण दिखाई देता है। **2**
   - कलाकार और चित्र का नाम लिखिए।
   - इस चित्र में प्रदर्शित इस स्कूल की दो शैलीगत विशेषताएँ बताइए।

## SECTION – B

### (Short Answer Type Questions)

Following questions are from your syllabus.
Answer for these questions is expected in around **100** words.

9. (a) On the basis of the following, evaluate the art work "Rama Vanquishing the pride of the Ocean". **2**
   - Name the artist and the medium.
   - Appreciate the painting in brief.

**OR**

   (b) A sculpture is made by assembling of different metals based on religious theme. **2**
   - Name the artist and artwork.
   - Appreciate the artwork in brief.

10. (a) Women from the village are depicted in this painting doing a daily task together. **2**
   - Name the artist and artwork.
   - Evaluate the painting in brief.

**OR**

   (b) The painting 'Journey's End' by Abanindranath Tagore is a remarkable example of the Bengal School of painting. **2**
   - How has the artist shown emotions using colours and the form ?
   - What human value does it convey and how would you implement it in your life ?

11. (a) The Gokul people are shown in the painting being protected by a huge mountain from Indra's wrath. **2**
   - Name the artist and artwork.
   - Based on above statement, briefly describe the painting.

**OR**

   (b) A bird is shown calmly perched on a bird rest, reflecting realistic details from your syllabus **2**
   - Write the name of the painting and its artist.
   - Mention two stylistic features of this school reflected in this artwork.

12. यह चित्र शाही परिवार की महिलाओं की खेल में रुचि को दर्शाता है । **2**

- चित्र का नाम व उप-शैली बताएँ ।
- उपरोक्त कथन के आधार पर चित्र को संक्षेप में समझाइए ।

(A) राजस्थानी शैली का चित्र

**अथवा**

(B) दक्खिनी शैली का चित्र

13. (a) एक सुंदर वस्त्र धारण किये हुई स्त्री को कोमल विशेषताओं के साथ दर्शाया गया है, जो किशनगढ़ शैली की गरिमा को प्रकट करती है । **2**

(i) चित्र और कलाकार का नाम बताइए ।

(ii) इस चित्र को विशिष्ट बनाने वाली कोई दो सौंदर्यात्मक विशेषताएँ लिखिए ।

**अथवा**

(b) आपके पाठ्यक्रम के इस लघु चित्र में राजसी दंपत्ति को ऊँट पर बैठे हुए दिखाया गया है । **2**

(i) चित्र और कलाकार की पहचान कीजिए ।

(ii) इस चित्र में दिखाई देने वाली राजस्थानी शैली की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए ।

## खण्ड – स

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

निम्न दिए गए विकल्पों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

इन प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों में अपेक्षित हैं ।

14. यह मूर्तिकला चार शक्तिशाली (मांसल) आकृतियों को एक प्रभावशाली संयोजन में दर्शाती है । **6**

- इस कलाकृति का शीर्षक, कलाकार और विषय-वस्तु लिखिए ।
- आकृतियों की गति और प्रयुक्त सामग्री किस प्रकार शक्ति की भावना उत्पन्न करते हैं ? समझाइए ।
- यह कलाकृति कौन सा मानव मूल्य प्रस्तुत करती है और आप इसे अपने जीवन में किस प्रकार अपनाएँगे ?

12. This painting depicts the interest of royal women in the field of sports. **2**

- Name the painting and its sub-school.
- Based on the above statement briefly describe the painting.

  (A) Rajasthan School painting

  **OR**

  (B) Deccan School painting

13. (a) A beautifully dressed woman is shown with refined features reflecting the elegance of Kishangarh style. **2**

  (i) Name the painting and its artist.

  (ii) Mention any two aesthetic features that make this painting distinctive.

**OR**

  (b) A royal couple is seated on a camel in this miniature painting from your syllabus. **2**

  (i) Identify the painting and its artists.

  (ii) Mention two characteristic features of the Rajasthan School visible in this artwork.

## SECTION – C

### (Long Answer Type Questions)

Attempt any **two** questions from the given options :

Answer for these questions is expected in around **200** words.

14. This sculpture powerfully represents four muscular figures in an expressive composition. **6**

- Mention the title, artist and the subject matter of the artwork.
- How do the material and the movement of figures create a sense of strength ? Explain.
- What value does this artwork promote, and how will you implement it in your own life ?

15. 'दाराशिकोह की बारात' चित्र में भव्य शाही उत्सव को शानदार ढंग से दर्शाया गया है, जिसमें सूक्ष्म रूप से चित्रित आकृतियाँ और स्थापत्य दिखाई देता है । **6**

- इस पेंटिंग के कलाकार, माध्यम और विषय-वस्तु का उल्लेख कीजिए ।
- चित्र में दर्शाई गई आकृतियाँ, उनका परिधान और परिवेश किस प्रकार भव्यता और उत्सव का वातावरण उत्पन्न करते हैं ? समझाइए ।
- इस चित्र से सम्बन्धित चित्रकला शैली की कोई चार विशेषताएँ लिखिए ।

16. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें : **6**

- चित्र का शीर्षक, चित्रकार, माध्यम तथा यह क्या मानव मूल्य प्रकट करता है ? उनका उल्लेख करें ।
- चित्र में आकृतियों की व्यवस्था और उनके क्रियात्मक हाव-भाव किस प्रकार रचना की अभिव्यक्ति को सशक्त बनाते हैं ? समझाइए ।
- नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त करें – आज के समय में महिलाओं की भूमिका में क्या परिवर्तन आया है ?

[redacted]

15. The painting Marriage Procession of Dara Shikoh vividly depicts a grand royal celebration with detailed figures and architecture. **6**

- Mention its artist, medium and the subject matter of this painting.
- How do the figures, their attire and the surroundings create a sense of grandeur and festivity ? Explain.
- What are four characteristic features of the school it belongs to ?

16. Observe the painting shown below and answer the following : **6**

- Mention the title, artist, medium and the Human value it conveys.
- Explain how the arrangement of figures and their actions express the composition.
- Share your views on women empowerment, how the role of women has changed in today's time ?

